**@shahjahanpurpol**

**प्रेस नोटः- सराहनीय कार्य 05/11/2022**

**थाना तिलहर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी,**

**बाल विकास पुष्टाहार (आंगनवाडी) से सम्बन्धित लगभग 2.5 लाख कीमत के 83 बॉक्स व 05 पीपे सोयबीन रिफाइण्ड ऑयल व नकद 60 हजार की बरमदगी एवं 04 अभियुक्त को किया गिरफ्तार।**

श्री एस आनन्द पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहाँपुर द्वारा चलाये जा रहे अभियान के दौरान श्री संजीव कुमार वाजपेयी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं श्री वी0एस0 वीरबहादुर क्षेत्राधिकारी तिलहर के निर्देशन तथा श्री राजकुमार शर्मा प्रभारी निरीक्षक तिलहर के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान रोकथाम जुर्म जरायम अपराध व वांछित अपराधी की गिरफ्तारी के क्रम मे थाना तिलहर पुलिस ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 807/2022 धारा 406,420 IPC के वांछित अभियुक्तगण 1. सौरभ पुत्र श्रीकृष्ण निवासी मो0 वृजबिहार कालोनी थाना कोतवाली चौक जनपद शाहजहापुर 2.सुजीत साह पुत्र रवीन्द्र साह निवासी मकान नं0 5/24 आवास विकास कालोनी थाना कोतवाली चौक जनपद शाहजहापुर 3. कैलाश पुत्र सियाराम वर्मा निवासी मकान नं0 51 मो0 बाला तिराही थाना कोतवाली चौक जनपद शाहजहापुर को समय करीब 23.10 बजे अन्टा चौराहा शाहजहांपुर सौरभ की नमकीन की दुकान से एंव अभियुक्त सुरजीत को समय करीब 22.30 बजे सरोवर नगर को जाने वाले रास्ते पर बाल विकास पुष्टाहार (आंगनवाडी) से सम्बन्धित लगभग 2.5 लाख कीमत के 83 बॉक्स व 05 पीपे सोयबीन रिफाइण्ड ऑयल व नकद 60 हजार के साथ दिनांक 04.11.2022 को गिरफ्तार किया गया।

NAFED (भारती राष्ट्रीय कृषि सहकारी वितरण संघ लिमिटेड) द्वारा जनपद शाहजहाँपुर में V5 LOGISTICS PVT. LTD. CO. बाल विकास पुष्टाहार (आंगनवाडी) के अन्तर्गत खाद्य सामग्री वितरण हेतु टैण्डर दिया गया है। V5 LOGISTICS कम्पनी का मुख्य गोदाम नगरिया मोड थाना तिलहर स्थिति है तथा एक अन्य गोदाम बरेली मोड स्थिति है। मुख्य गोदाम नगरिया मोड पर दो स्टोर इंचार्ज क्रमशः सोनू पुत्र राजकुमार निवासी हरेली थाना फत्तेगंज पूर्वी बरेली एवं सुनील पुत्र महेन्द्र निवासी बतलिया थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर नियुक्त है। इसके अतिरिक्त अन्य गोदाम बरेली मोड पर स्टोर इंचार्ज सुरजीत पुत्र मान सिंह निवासी जललापुर थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर नियुक्त है। V5 LOGISTICS कम्पनी NAFED द्वारा भेजे गये खाद्य सामग्री को ब्लाक व शहर क्षेत्र में बाल विकास (आंगनवाडी) केन्द्रो पर वितरित करती है। दिनांक 22.10.2022 को शहर स्टोर इंचार्ज सुरजीत द्वारा नगरिया मोड स्थित इंचार्ज सोनू एवं सुनील को 500 बॉक्स सोयाबीन ऑयल, 120 कट्टे चने की दाल एवं 80 बोरे दलिया अपने स्टोर पर लाने हेतु निर्देश दिया था जिसके निर्देश पर सोनू एवं सुनील उपरोक्त द्वारा सुरजीत द्वारा भेजे गये माल वाहक वाहन टैक्टर पर 500 बॉक्स सोयाबीन ऑयल, 120 कट्टे चने की दाल एवं 80 बोरे दलिया दिये गये परन्तु उक्त माल सुरजीत उपरोक्त द्वारा आंगनवाडी केन्द्रो पर वितरित नही किया गया। जब इस सम्बन्ध में सुरजीत उपरोक्त से मुख्य स्टोर इंचार्ज श्री दुष्यन्त, सोनू एवं सुनील द्वारा पूछा गया तो बताया कि माल मेरे गोदाम पर नही पहुँचा है। उक्त माल जिसकी कीमत 20 लाख से अधिक है माल गायब होने की स्थिति को देखते हुए श्री दुष्यन्त पुत्र दिनेश कुमार निवासी रजाकपुर थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर द्वारा दिनांक 04.11.2022 को मु0अ0सं0 807/2022 धारा 420,406 भादवि विरुद्ध गोदाम प्रभारी सुरजीत सिंह व अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया। चूंकि उक्त खाद्य सामग्री आंगनवाडी केन्द्रो पर सरकारी योजना के अन्तर्गत वितरित होनी थी जिसकी श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी निरीक्षक तिलहर को टीम गठित करके उक्त केस का अनावरण एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी

हेतु निर्देशित किया गया था जिसके क्रम में दिनांक 04.11.2022 को प्रभारी निरीक्षक तिलहर श्री राजकुमार शर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त सुरजीत सिंह पुत्र मानसिंह निवासी ग्राम जल्लापुर थाना जैतीपुर जनपद शाहजहापुर को समय करीब 22.30 बजे को गिरफ्तार किया गया। जिसकी निशादेही पर सौरभ पुत्र श्रीकृष्ण निवासी मो0 वृजबिहार कालोनी थाना कोतवाली चौक जनपद शाहजहापुर की नमकीन की फैक्ट्री से लगभग 83 बॉक्स व 05 पीपे सोयबीन रिफाइण्ड ऑयल को बरामद किये गये तथा मौके से सौरभ उपरोक्त तथा इसके अन्य दो साथी कैलाश पुत्र सियाराम वर्मा निवासी मकान नं0 51 मो0 बाला तिराही थाना कोतवाली चौक जनपद शाहजहापुर व सुजीत साह पुत्र रवीन्द्र साह निवासी मकान नं0 5/24 आवास विकास कालोनी थाना कोतवाली चौक जनपद शाहजहापुर को मय माल के गिरफ्तार किया गया।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण -</u>**

1. सौरभ पुत्र श्रीकृष्ण निवासी मो0 वृजबिहार कालोनी थाना कोतवाली चौक जनपद शाहजहापुर
2. सुजीत साह पुत्र रवीन्द्र साह निवासी मकान नं0 5/24 आवास विकास कालोनी थाना कोतवाली चौक जनपद शाहजहापुर
3. कैलाश पुत्र सियाराम वर्मा निवासी मकान नं0 51 मो0 बाला तिराही थाना कोतवाली चौक जनपद शाहजहापुर
4. सुरजीत सिंह पुत्र मानसिंह निवासी ग्राम जल्लापुर थाना जैतीपुर जनपद शाहजहापुर

**<u>वांछित अभियुक्तगण –</u>**

1. मनोज पुत्र वृजपाल निवासी मो0 अशोक बिहार कालोनी निगोही रोड थाना सदर बाजार जनपद शाहजहांपुर
2. अरविन्द पुत्र मुनीश्रर नगला मदा थाना कटरा जनपद शाहजहांपुर
3. पिन्टू पुत्र नन्हे निवासी रैपुरा थाना हजरतपुर जनपद बदायू

**<u>पंजीकृत अभियोग का विवरण -</u>**

1. मु0अ0स0 807/2022 धारा 406,420 IPC

**<u>बरामदगी विवरणः-</u>**

1. 83 बॉक्स सोयबीन रिफाइण्ड ऑयल
2. 05 पीपे सोयबीन रिफाइण्ड ऑयल
3. कुल 45,000 रुपये नकद बरामदगी अभियुक्त सुजीत
4. कुल 15000 हजार रुपये नकद बरामदगी अभियुक्त कैलाश
5. कुल नकदी बरामदगी 60,000 रुपये।

**<u>पूछताछ विवरण-</u>**

गिरफ्तार शुदा अभि0 सुरजीत उपरोक्त से पूछताछ की गई तो बताया कि मैं V5 LOGISTICS PVT. LTD. CO. में पिछले डेढ वर्ष से कार्यरत हूँ तथा मेरी कम्पनी V5 LOGISTICS को NAFED द्वारा आंगनवाडी केन्द्रो पर खाद्य सामग्री वितरण हेतु टैण्डर दिया हुआ है। हमारी कम्पनी का मुख्य गोदाम नगरिया मोड थाना तिलहर पर स्थित है जिसके स्टोर इंचार्ज सोनू एवं सुनील है। शहर में बरेली मोड स्थित एक अन्य स्टोर है जिसका मैं इंचार्ज हूँ। दिनांक 22.10.2022 को मेरे द्वारा फोन से नगरिया मोड स्थित स्टोर इंचार्ज सुनील एवं सोनू को 500 बाक्स सोयाबीन ऑयल , 120 कट्टे चने की दाल तथा 80 बोरे दलिया का ऑर्डर अपने स्टोर पर लाने हेतु दिया था तथा माल लाने हेतु मेरे द्वारा ट्रैक्टर भेजा गया था यह टैक्टर मेरे रिश्ते के मामा पिन्टू पुत्र नन्हे निवासी रैपुरा थाना हजरतपुर जनपद बदायू का था। नगरिया मोड स्थित मुख्य स्टोर से 500 बाक्स सोयाबीन ऑयल , 120 कट्टे चने की दाल तथा 80 बोरे दलिया मेरे गोदाम पर लाया गया। उक्त माल के

सम्बन्ध में मेरी नियत खराब हो गयी मैने अपने मित्र कैलाश पुत्र सियाराम वर्मा व सुजीत साह पुत्र रवीन्द्र साह को बेचने हेतु कहा जिस पर इन दोनो ने सौरभ पुत्र श्रीकृष्ण कोरी की जो नमकीन की फैक्ट्री भी चलाता है लगभग 100 बॉक्स रिफाइन्ड ऑयल 1600 रुपये प्रति बॉक्स के हिसाब से बेच दिये जिसमे से मुझे एक लाख रुपये प्राप्त हुए है शेष 60 हजार रुपये मैने सुजीत को 45,000 रुपये व कैलाश को 15,000 रुपये दे दिये। इसके अतिरिक्त मनोज पुत्र वृजपाल निवासी मो0 अशोक बिहार कालोनी निगोही रोड थाना सदर बाजार जनपद शाहजहांपुर को 50 बॉक्स रिफाइन्ड ऑयल व अरविन्द को 100 बॉक्स रिफाइन्ड ऑयल के बेच दिये है। शेष माल जिसमें 250 बॉक्स रिफाण्ड ऑयल, 80 बोरे दलिया व 120 बोरे दाल चना मेरे रिश्ते के मामा पिन्टू पुत्र नन्हे निवासी रैपुरा थाना हजरतपुर जनपद बदायू बेचने के लिए ले गया है। आज मेरे पास से जो नकदी 2 लाख तथा मेरे साथी कैलाश जिससे 15 हजार रुपये व सुजीत से 45 हजार रुपये की नकदी बरामद हुई है वह इसी माल से सम्बन्धित है।

**अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजकुमार शर्मा थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर
2. अपराध निरीक्षक श्री विनोद कुमार शर्मा थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर
3. उ0नि0 श्री अनित कुमार थाना तिलहर जनपद शाहजहांपुर
4. हे0का0 446 विपिन कुमार थाना तिलहर जनपद शाहजहांपुर
5. का0 1300 विपुल मलिक थाना तिलहर जनपद शाहजहांपुर
6. का0 2607 अरविन्द कुमार थाना तिलहर जनपद शाहजहांपुर
7. का0 791 संजीव कुमार थाना तिलहर जनपद शाहजहांपुर
8. का0 1782 सचिन तोमर थाना तिलहर जनपद शाहजहांपुर
9. म0का0 578 पूनम चौधरी थाना तिलहर जनपद शाहजहांपुर